तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 10 मई 2026

12 ग्रामीणों की आमदनी का जरिया बनी सल्फी...

13 उदंती टाइगर रिजर्व में अलर्ट, भालू के हमले में दो...




## खबर संक्षेप



### आतिशबाजी से लगी आग, पैरावट खाक

**पाण्डुका।** ग्राम अतरमरा मे शादी समारोह का उत्सव चल रहा था बाराती के साथ दूल्हा- दुल्हन के दरवाजे पर पहुँच चुके थे घराती बाराती बैंड बाजे के धुन मे थिरक रहे थे ठीक उसी समय आतिशबाजी के समय फटाके की आग कोठार के पैरावट में जा गिरी और भीषण आग से अफरा तफरी मच गई। लोग शादी के उमंग छोड़ भीषण लगी आग बुझाने मे जुट गए सभी अपने अपने स्तर पर आग बुझाने में सहयोग कर रहे थे। डर का माहौल इतना था की जहां आग लगी हुई थी वहीं पर शादी का पंडाल लगा हुआ था भयावह आग को बुझाना मुश्किल हो गया। तभी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गोविन्द तिवारी ने पाण्डुका थाना पुलिस निरीक्षक कृष्णा जांगड़े जी को सुचना देकर फायर ब्रिगेड और पुलिस सहायता का निवेदन किया जिससे फ़ौरन आधे घंटे में पुलिस और फायर ब्रिगेट वाहन की सहायता मिली और रात बारह बजे तक आग पर काबू पाया गया।

### बंटवारा मांग रहे बेटे ने पिता को दी जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** जमीन-घर के बंटवारे की बात पर अपने पिता को जान से मारने की धमकी देने वाले युवक के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नं 3 इमलीभांठा निवासी उमाशंकर निगम (72 साल) ने बताया कि उसका लड़ाका रविकांत करीबन 4 वर्ष पूर्व शादी करने के बाद उसके घर में ही अलग रहता है। प्रार्थी ने बताया कि वह बोन कैंसर से पीड़ित है और उसके साथ उसकी बहन अमोद श्रीवास्तव करीबन 36 साल से रह रही है। उनके पास पैतृक संपत्ति जमीन एवं घर है। जिसके चलते उसका लड़का विगत 10 वर्ष से जमीन-घर का बंटवारा मांगता है। चूंकि वह बीमारी से पीड़ित हैं और आय का साधन नहीं है। खेती को अधिया, रेघ मे देकर उसकी आय से इलाज एवं उसकी बहन का घर चल रहा है। 8 मई को दोपहर करीबन 03 बजे लड़का रविकांत निगम एवं उसकी पत्नी रिंकी ने जमीन घर का बंटवारा मांगते हुए विवाद करने लगे और साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पहले मामले को लेकर नयापारा निवासी प्रार्थी मोहम्मद अली ने बताया कि वह 8 मई को दोपहर 12.45 बजे अपने आटो रिक्शा क्रमांक सीजी 04 पीई 0937 में सवारी भरकर महासमुंद बस स्टैंड से अटल निवास नयापारा जा रहा था। बस स्टैंड साहू दुकान के पास कांता प्रसाद मारकंडे अपने अन्य साथी के साथ मौजूद था। उसे आता देखकर पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया और ऑटो रिक्शा में तोड़फोड़ की। मामले को लेकर आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वहीं दूसरे मामले में 8 मई को के दोपहर 12.36 बजे अपने ई बाइक से तुमाडबरी खाद गोदाम से बोर पंप का काम कर वापस अपने दुकान महामाया तालाब की ओर आ रहा था, तभी रिक्शा चालक मोहम्मद अली ने उसे देखकर अपनी गाड़ी में ब्रेक लगाया और साथ ही प्रार्थी ने भी अपनी गाड़ी में ब्रेक लगाया। इस पर रिक्शावाले ने दिखाई नहीं देता है कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर डंडे से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

# प्रधानमंत्री आवास के लिए सीईओ के पैरों पर गिरा बुजुर्ग दंपति



गोरेलाल सिन्हा ▶▶| गरियाबंद

सुशासन तिहार के दौरान गरियाबंद जिले के देवभोग ब्लॉक अंतर्गत मांडागांव में एक मार्मिक दृश्य सामने आया जिसने शासन-प्रशासन की संवेदनशीलता और योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

■ पीएम आवास के लिए वर्षों से भटक रहा कमार जनजाति का परिवार

जिले के बरही गांव निवासी विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के बुजुर्ग दंपति, जिन्हें राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र” कहा जाता है वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर पाने की उम्मीद लगाए बैठे हैं लेकिन अब तक उन्हें इसका लाभ नहीं मिल सका है। थक-हार चुके ▶▶|शेष पेज 13 पर

## राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों को अब तक नहीं मिला आशियाना

### आवास स्वीकृति का आश्वासन

जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर ने बताया कि संबंधित परिवार का नाम वर्ष 2011 और 2018 की आवास सर्वे सूची में शामिल नहीं था वहीं 2024 के सर्वे के दौरान भी परिवार गांव में निवासरत नहीं मिला। प्रशासन के अनुसार परिवार कई वर्षों से ओडिशा में रह रहा था और हाल ही में गरियाबंद लौटा है। वर्तमान में परिवार का पीएम जनमन योजना के तहत सर्वे कराया जा रहा है तथा पात्रता के आधार पर आगामी तीन माह के भीतर आवास स्वीकृत कराने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्रशासन ने कहा है कि जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार योजना का लाभ दिलाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

### सर्वे सूची में नाम नहीं होने का प्रशासन का तर्क

घटना के बाद जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर का बयान भी सामने आया है। उन्होंने स्वीकार किया कि बुजुर्ग दंपति ने आवास के लिए आवेदन किया है लेकिन तकनीकी कारणों से अब तक उन्हें लाभ नहीं मिल सका। प्रशासन के अनुसार दंपति का नाम वर्तमान सरकारी सर्वे सूची में दर्ज नहीं है क्योंकि वे वर्ष 2009 में गांव से बाहर रह रहे थे। इसी वजह से उनका नाम आवास सूची में शामिल नहीं हो पाया। सीईओ ने बताया कि फिलहाल परिवार का राशन कार्ड बनवा दिया गया है और आगामी सर्वे में प्राथमिकता के आधार पर उनका नाम जोड़कर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। विशेष पिछड़ी जनजाति के इस बुजुर्ग दंपति की पीड़ा ने प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। अब देखने वाली बात होगी कि वर्षों से आशियाने की आस लगाए इस परिवार को आखिर कब तक अपने सिर पर पक्की छत नसीब होती है, या फिर यह मामला भी केवल आश्वासनों तक सीमित रहा। बरही गांव के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के बुजुर्ग दंपति द्वारा सुशासन तिहार में आवास की मांग को लेकर गुहार लगाने के मामले में जिला प्रशासन ने अपना पक्ष स्पष्ट किया है।

### विवाद : पेमेंट विवाद को लेकर थप्पड़ जड़े, घूंसा मारा, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

# सीएमओ चेंबर में सब इंजीनियर व साथियों ने अकाउंटेंट को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

गरियाबंद जिले के सत्ता और प्रशासन के गलियारों को दहला देने वाली एक बड़ी खबर सामने आई है। नगर पंचायत देवभोग के कार्यालय में अनुशासन की धज्जियां उड़ाते हुए एक सब-इंजीनियर ने अपने साथियों के साथ मिलकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के केबिन में ही लेखापाल की जमकर पिटाई कर दी। इस रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना का सीसीटीवी फुटेज अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

यह पूरी घटना 7 मई की शाम करीब 5 बजे के बाद की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत कार्यालय के भीतर पुराने पेमेंट और भुगतान की फाइलों को लेकर सब-इंजीनियर और लेखापाल के बीच विवाद शुरू हुआ था। देखते ही देखते यह बहस हिंसक झड़प में बदल गई। सीसीटीवी फुटेज में कैद तस्वीरों के अनुसार सब इंजीनियर आर श्याम सुंदर पटनायक अपने तीन अन्य बाहरी साथियों के साथ सीएमओ केबिन में घुसे थे जहां लेखापाल संदीप चंद्रकार पहले से मौजूद थे। शुरुआत में बातचीत सामान्य लग रही थी लेकिन अचानक पीछे खड़े एक युवक ने लेखापाल की गर्दन दबोच ली और उसे कुर्सी से खींचकर नीचे पटक दिया जिसके बाद सब इंजीनियर और उसके साथियों ने लात-घूसों की बरसात कर दी। हैरानी की बात यह है कि यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे के सामने और प्रशासनिक दफ्तर के सबसे महत्वपूर्ण कक्ष में अंजाम दी गई जिससे साफ होता है कि हमलावरों को कानून का रत्ती भर भी डर नहीं था, घटना के बाद से ही इलाके में हड़कंप मचा हुआ है मामले की गंभीरता को देखते हुए देवभोग पुलिस ने अब सख्त रुख अपनाया है और सब इंजीनियर आर श्याम सुंदर पटनायक सहित उनके साथियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने सब इंजीनियर और उनके साथियों पर 115(2)-बीएनएस, 296-बीएनएस और 3(5)-बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है तो वहीं दूसरे पक्ष ▶▶|शेष पेज 13 पर





### देवभोग सीएमओ ने कहा -वेतन मामले को लेकर हुआ है मारपीट

देवभोग सीएमओ दुष्यंत साहू ने हरिभूमि को बताया की वेतन मामले को लेकर मारपीट की घटना हुई है जो पूरी तरह निंदनीय है। इसकी शिकायत थाने में किया गया है, उन्होंने आगे कहा की निश्चित रूप से इस घटना के बाद कर्मचारियों में डर और दहशत देखने को मिल रहा है।

# तंबाकू उत्पादों की बिक्री, 68 प्रकरणों में वसूला जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

देवभोग विकासखण्ड में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त प्रवर्तन टीम ने तंबाकू नियंत्रण को लेकर सघन अभियान चलाया। शैक्षणिक संस्थानों के पास तथा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर की गई जांच के दौरान कोटपा एक्ट-2003 (सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003) के तहत कुल 68 प्रकरणों में चालानी कार्रवाई करते हुए 3 हजार का जुर्माना वसूल किया गया। कार्यवाही के दौरान औषधि निरीक्षक धरमवीर सिंह ध्रुव ने स्कूलों के 100 गज दायरे में तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर रोक, नाबालिगों को तंबाकू न बेचने और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंध के संबंध में संचालकों को निर्देश दिए। दुकानदारों को माचिस, लाइटर, ऐश ट्रे या कोई भी ऐसा सामान जो धूम्रपान को प्रोत्साहित करता है, उसे काउंटर पर उपलब्ध न कराएं। साथ ही धूम्रपान निषेध संबंधी बोर्ड अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने को कहा। इस दौरान रोशनी राजपूत ने किराना दुकानों, होटलों एवं फल दुकानों का निरीक्षण किया तथा होटलों में खाद्य सामग्री के लिए अखबार का उपयोग बंद करने के निर्देश दिए। इसी दौरान औषधि निरीक्षक ध्रुव द्वारा देवमाता निजी अस्पताल की फार्मेसी का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें दवाओं की खरीद-बिक्री, भंडारण एवं दवाओं की जांच की गई। इस दौरान देवभोग के नागरिकों को नशा मुक्त रहने, नशे से होने वाले नुकसान और तंबाकू से दूरी बनाने के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा नागरिको को नशा न करने तथा इसके विरोध करने की शपथ भी दिलाई गई।

# जतमई-घटारानी के जंगलों में वन्य प्राणियों की चहल-पहल बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भीषण गर्मी के बीच जिले के प्रसिद्ध पर्यटन एवं वन क्षेत्र जतमई मंदिर एवं घटारानी जलप्रपात के आसपास स्थित जंगलों में इन दिनों वन्य प्राणियों की गतिविधियां बढ़ गई हैं। सुबह और शाम के समय भालू सहित कई वन्य जीव जंगलों के भीतर एवं जल स्रोतों के आसपास देखे जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों एवं वन क्षेत्र से गुजरने वाले लोगों ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही पानी एवं भोजन की तलाश में वन्य प्राणी जंगलों के खुले हिस्सों तक पहुंच रहे हैं। विशेषकर जतमई एवं घटारानी मार्ग के आसपास भालू, जंगली सुअर, हिरण तथा अन्य छोटे वन्य जीवों की आवाजाही देखी जा रही है। वन विभाग के अनुसार गर्मी के मौसम में जंगलों के प्राकृतिक जल स्रोत सूखने लगते हैं, जिसके कारण वन्य जीव पानी की तलाश में अधिक सक्रिय हो जाते हैं। विभाग द्वारा जंगलों में वन्य प्राणियों के लिए जल प्रबंधन एवं निगरानी बढ़ाई जा रही है। इधर पर्यटन स्थलों में घूमने पहुंच रहे लोगों से भी सावधानी बरतने की अपील की गई है। वन अमले ने पर्यटकों को जंगल क्षेत्र में अकेले न जाने, देर शाम तक नहीं रुकने तथा वन्य प्राणियों को किसी प्रकार से छेड़छाड़ नहीं करने की सलाह दी है। जतमई-घटारानी क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य एवं घने जंगलों के लिए प्रसिद्ध है। गर्मी के मौसम में यहां वन्य जीवों की बढ़ती गतिविधियां प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही हैं, वहीं सुरक्षा को लेकर सतर्कता भी जरूरी मानी जा रही है।



# कोड़ो हरदी के जंगल में मिला नरकंकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर कोड़ो हरदी मोड़ के पास जंगल में एक अज्ञात बुजुर्ग का शव बरामद हुआ। मृतक की उम्र करीब 60 से 65 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव की स्थिति काफी खराब होने के कारण उसकी पहचान कर पाना फिलहाल बेहद मुश्किल हो गया है। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 10 बजे वन विभाग के कर्मचारियों ने जंगल के भीतर शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने अनुमान जताया है कि शव करीब 15 से 20 दिन पुराना हो सकता है। लंबे समय से जंगल में पड़े ▶▶|शेष पेज 13 पर



# दिगम्बर जैन वर्णी भवन में बच्चों का थर्ड आई कला प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

दिगम्बर जैन वर्णी भवन में आज रविवार प्रातः 8 बजे थर्ड आई अर्थात तीसरी आंख कला का विशेष प्रदर्शन आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में 8 से 12 वर्ष आयु के बच्चे अपनी विशेष प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम को लेकर समाज, परिजनों एवं नगरवासियों में उत्साह का वातावरण है। दी गई जानकारी के अनुसार, बच्चों को यह विशेष प्रशिक्षण जैन मुनि पूज्य श्री पुनीत सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में लगभग 15 से 20 दिनों तक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को नियमित अनुशासन, ध्यान एवं एकाग्रता का अभ्यास कराया गया। मुनिश्री ने बताया कि प्रशिक्षण में शामिल बच्चों को फास्ट फूड का पूर्णतः त्याग करना पड़ा तथा प्रतिदिन लगभग एक घंटे तक विशेष अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में बच्चे आंखों पर पट्टी बांधकर अपने माता-पिता एवं परिचितों को पहचानना, ड्राइंग बनाना, लिखना-पढ़ना जैसी गतिविधियों का प्रदर्शन करेंगे। बताया गया कि इस कला प्रशिक्षण के लिए प्रारंभ में लगभग 50 से 60 बच्चों के नाम आए थे, लेकिन आवश्यक अनुशासन एवं फास्ट फूड त्याग की शर्तों का पालन नहीं करने वाले बच्चों को शामिल नहीं किया गया। वर्तमान में लगभग 15 से 16 बच्चों ने सभी नियमों का पालन करते हुए इस प्रशिक्षण में भाग लिया है। मुनि श्री पुनीत सागर महाराज ने बताया कि इससे पूर्व भी राजनांदगांव में बच्चों को इस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जहां बच्चों ने ▶▶|शेष पेज 13 पर





### सुशासन तिहार की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली मैराथन बैठक

# सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सुशासन तिहार की आगामी तैयारियों एवं विभागीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा के लिए समीक्षा बैठक ली। इस दौरान वनमंडलाधिकारी शशिगानंदन के, जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर श्री पंकज डाहिरे, श्रीमती ऋषा ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि सुशासन तिहार में आकस्मिक किसी भी शिविर में माननीय मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, राज्य स्तर के उच्च अधिकारी पहुंच सकते है। इसलिए सभी विभाग प्रमुख अपनी प्रगति रिपोर्ट, लंबित प्रकरणों एवं कार्ययोजना को पूर्ण रूप से तैयार रखें। राजस्व विभाग को विशेष रूप से अविवादित, विवादित, नामांकन, बंटवारा, त्रुटि-सुधार एवं प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के लंबित प्रकरणों के प्रकरणों पर त्वरित निराकरण, डिजिटल हस्ताक्षर करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस की उपलब्धता के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि जिले में इसकी कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने इसके साथ ही धान उठाव की वर्तमान स्थिति, एग्रीस्टैक पोर्टल में डाटा अपडेशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लंबित सत्यापन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति तथा सड़क अवसंरचना सुधार पर जोर दिया गया। आवास योजनाओं की समीक्षा में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण एवं ▶▶|शेष पेज 13 पर



# मांगलिक कार्यक्रमों पर 17 मई से 1 माह के लिए लगेगा विराम

**रसेला।** आगामी 17 मई से मलमास प्रारंभ होने के कारण लगभग 1 महीने तक शहनाई की आवाज लोगों को सुनाई नहीं देगी क्योंकि अधिक मास 17 मई से प्रारंभ होकर 15 जून तक होने के कारण उक्त अवधि में सभी प्रकार के मांगलिक कार्य जिसमें शादी-विवाह, गृह प्रवेश, नये मकान, दुकान का निर्माण व शुभारंभ, जनेऊ संस्कार, मुंडन संस्कार नये वाहन व सोने-चांदी की खरीदी सहित नये प्लाट में नींव रखने का कार्य सहित तमाम अन्य प्रकार के कार्य रूक जायेंगे। पुरूषोत्तम मास में एक ओर जहां मांगलिक कार्य संपन्न नहीं होंगे वहीं आम लोग अपने धार्मिक पूजा-पाठ, मंत्रजाप, भागवत कथा पाठ, धर्म स्थलों की यात्रा एवं दान पुण्य के कार्य कर सकेंगे। पुरूषोत्तम मास में भगवान कृष्ण की भक्ति के अलावा पीपल पूजा, तुलसी पूजा, गौ पूजा के साथ- साथ दीपक दान करने का विशेष महत्व है। इसी तरह मलमास की अवधि में दान पुण्य करने का भी विशेष लाभ प्राप्त होता है जिसमें बाल्टी, लोटा, चद्दर, रजाई सहित अन्य वस्तुओं के दान से पुण्य की प्राप्ति का योग विद्वान पंडितों ने बताया है। मलमास में प्रत्येक गुरूवार को कासा के बर्तन में चावल पीले वस्त्र व फूल का दान करते हुए विष्णु शहस्त्र नाम का पाठ करना चाहिए वहीं तुलसी में घी का दीपक एवं दुध मिश्रित जल चढ़ाये जाने की बात पंडित अंजनी शरण व्यास ने कहा है अधिक मास की अवधि में सात्विक भोजन व नियम का पालन करने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## खबर संक्षेप

### सकरी में लगा शिविर, 664 आवेदनों का निराकरण



रायपुर। सुशासन तिहार के तहत शुक्रवार को जिले के अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम संकरी में जनसमस्या निवारण शिविर लगा। इसमें विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन लेकर लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। शिविर में मौजूद विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने कुल आए 877 आवेदनों में से 664 का मौके पर ही निराकरण किया। शिविर में मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम कार्ड एवं नवीनीकरण, लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन और गोदभराई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विधायक अभनपुर इन्द्रकुमार साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष चंद्रिका बंजारे, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम अभनपुर रवि सिंह, जनपद पंचायत सीईओ दीपक ठाकुर, अभनपुर तहसीलदार सीता शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर स्टेडियम पहुंचे लिया तैयारियों का जायजा



रायपुर। कलेक्टर गौरव सिंह ने 10 एवं 13 मई को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैच की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि स्टेडियम में आने वाले दर्शकों की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ऑनलाइन बुकिंग के बाद रायपुर पहुंचने वाले दर्शकों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त वॉलिंटियर तैनात किए जाएं। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता के लिए फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए।

### कविता नगर बोरियाखुर्द में हुई नाले की सफाई

रायपुर। जोन-10 अंतर्गत कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड-54 क्षेत्र अंतर्गत कविता नगर बोरियाखुर्द के नाले में गंदगी के कारण जाम हो गया था। बारिश के पूर्व इस नाले की शुक्रवार को जेसीबी की मदद से सफाई कराई गई। सफाई होने के बाद अब इस नाले के कारण क्षेत्र में जलभराव की स्थिति नहीं बनेगी।

### लाइफ जैकेट पहनकर नदी में उतरने की सलाह



रायपुर। मध्यप्रदेश के जबलपुर में हुई घटना के मद्देनजर नगर निगम रायपुर के जोन-8 क्षेत्र अंतर्गत खारून नदी में नाव चलाने वाले एवं मछली पकड़ने वाले मछुआरा संघ के साथ जोन अधिकारियों ने बैठक की। इस बैठक में मछुआरा संघ के सदस्यों को जबलपुर हादसे की जानकारी देते हुए उन्हें नदी में नाव चलाते समय लाइफ जैकेट जैसे सुरक्षा उपकरण पहनने की समझाईश दी।

### गर्मी में राहत पाने के लिए सल्फी सेवन करने दूर -दूर से लोग पहुंच रहे

# ग्रामीणों की आमदनी का जरिया बनी सल्फी, सेहत के लिए भी फायदेमंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

बस्तर बियर के नाम से पहचाने जाने वाला सल्फी अब मैनपुर ओड़िशा सीमा से लगे ग्रामों में आसानी से मिलने लगी है। अब इस क्षेत्र के लोग अपने बाड़ियों और खेतों में बकायदा सल्फी का वृक्ष लगा लिए है जिससे उनको आमदनी भी होने लगी है। बस्तर के देशी बियर के नाम से मशहूर सल्फी पेड़ गरियाबंद जिला के आदिवासी विकासखंड मैनपुर के वनांचल क्षेत्र मे अब बडी संख्या में ग्रामीणों की आय का साधन बन चुका है पेड़ की खासियत उसके रस से आमदनी है, सल्फी का रस निकालने वालो को कहना है कि एक एकड़ खेत के बराबर सल्फी का एक पेड़ है। मैनपुर तहसील मुख्यालय से महज 25-30 किमी दूर मोतीपानी, भालूपानी, कुसियारबरछा, गौरगांव, साहेबिनकछार, कोदोमाली, धवईभर्री क्षेत्र के ग्रामो मे इन दिनो सल्फी के पेड़ो मे हांडी लगी नजर आ रही है और इसके रस के दिवाने इसके सेवन करने इस क्षेत्र मे सुबह से शाम तक दिखाई दे रहा है। पहले यह सिर्फ बस्तर मे ही मिलता था लेकिन पिछले डेढ दशक से मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के शोभा गौरगांव के ग्रामो मे सल्फी पेड़ से अब उसके रस निकलने लगे है।

■ खेत की फसल के बराबर एक पेड़ की कमाई



#### औषधीय गुणों से भरपूर

ग्रामीण घनेश मरकाम, राजेश कुमार मंडावी, भीमसन मरकाम ने बताया सुबह और शाम रोजाना वे पेड़ से सल्फी निकालते है सुबह और रात को पेड़ मे हांडी को टांग दिया जाता है जो पूरी तरह रस से भर जाता है और इसे प्रति गिलाश दस रूपये के हिसाब से बेचा जाता है सल्फी का सेवन करने वाले लोग बताते है यह सेहत के लिये भी काफी फायदेमंद है खासकर पेट संबंधी बिमारी पूरी तरह ठीक हो जाती है लेकिन इसकी सेवन दवा की तरह किया जाये तो। बहरहाल राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के जिन ग्रामीणो के घरो मे सल्फी का वृक्ष है वे प्रतिदिन 500 रूपये से 1000 रूपये आसानी से कमा रहे है और इस सल्फी का सेवन करने रायपुर महासमुंद, गरियाबंद बड़े शहरो से भी लोग यहां पहुंच रहे है बस्तर के देशी बियर के नाम से मशहूर यह सल्फी इन दिनो भारी मात्र मे उतर रही है। सल्फी को शरीर के लिए काफी सेहतमंद बताया जाता है लेकिन यदि इसे सीमित मात्र में सेवन किया जाये तो सल्फी मे मौजूद प्राकृतिक शर्करा और पोशक तत्व थकान को मिटाकर शरीर का तुरंत उर्जा और स्फूर्ति प्रदान करते है। औषधिय गणों से भरपूर होने के कारण इसे पेट और पाचन तंत्र के लिए अच्छा माना जाता है।

# रोहित साहू का विकास कार्यों के लिए जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर विभिन्न ग्रामों से बड़ी संख्या में ग्रामीण प्रतिदिन विधायक रोहित साहू के निवास पहुंचकर धन्यवाद एवं आभार व्यक्त कर रहे हैं। क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दिए जाने से गांवों की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। विधायक निवास पहुंचने वालों में जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, दीपक ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत मुरमुरा, कोमल साहू उप सरपंच, ढालूराम साहू अध्यक्ष झरझरा विकास समिति, दीपक साहू लोहरसी, अनिल साहू , सुरेश साहू, कुलेश्वर साहू, बेदराम साहू ,खिलावन साहू, रूपेश साहू, ओंकार साहू, सुरेखा साहू, भागा ध्रुव, संतोषी साहू, धनेश्वरी ध्रुव, देवकी साहू, कुणाल ध्रुव ,ग्राम पंचायत भेण्डरी के सरपंच प्रतिनिधि मनीष साहू,आनंदराम साहू,पोषण साहू, मोती साहू, ग्राम पंचायत लोहरसी के सरपंच लोमशराम साहू, उपसरपंच नीलेश टंडन, पंच जागेश्वर साहू, भगवानदास जांगड़े, कांता ध्रुव, खेमीन पटेल, कमला यादव ,मुगेश्वरी ठाकुर, सावित्री सतनामी तथा ग्राम पंचायत गाड़ाघाट के सरपंच कमलेश्वरी-नारद ध्रुव ,उपसरपंच भूषण साहू ,पंच महेश्वरी साहू ,बुधियारिन साहू ,निर्मला ध्रुव ,मीणा ध्रुव ,घनश्याम साहू ,प्रीतम ध्रुव ,संतोषी ध्रुव ,ग्राम पंचायत गाड़ाघाट के भाजपा बूथ अध्यक्ष विधुराम साहू ,रोहन साहू ,इंदल गंधर्व ,लोकेश ध्रुव एनीकट के पास 15 लाख रुपए के टीनशेड एवं शिव मंदिर के पास सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख विधायक रोहित साहू ने घोषणा किया। लोहरसी में पुल पुलिया निर्माण के लिए मांग के लिए गया था।

# खाद वितरण की गलत नीति से किसान परेशान : धनेन्द्र साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की गलत नीति के कारण आज फिर से किसान वर्ग पूरी तरह से परेशान हो रहा है किसानों को खाद के लिए सोसाइटियों की चक्कर काट काटकर भटकना पड़ रहा है परंतु उन्हें कहीं भी खाद नही मिल रहा है। आज किसानों को इस बात की चिंता सताने लगी है कि सरकार के इस फैसले से इस साल की खेती के लिए क्या पर्याप्त रूप से रासायनिक खाद की उपलब्धता उन्हें हो पाएगी या नही! और यदि खाद नहीं मिला तो खेती किसानी कै से होगी? कहा कि सरकार लगातार अपनी नीतियों और नियमों को जानबूझकर जटिल बना रही हैं ताकि किसानों को समय पर खाद न मिले जिसका फायदा मुनाफाखोर उठा सकें। श्री साहू ने कहा कि पिछले वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा किसानों को प्रति एकड़ खाद प्रदान करने की जो सुविधा थी उसमें डीएपी 2 बोरी 50 किलो की भरती ,यूरिया तीन बोरी तक 45 किलो की भरती सुपर फॉस्फेट को किसानों की आवश्यकता अनुसार बिना कोई लिमिट दी जाती थी। परंतु इस वर्ष शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक सोसाइटी में जो आदेश आया है उसके अनुसार डीएपी प्रति एकड़ मात्र एक बोरी 50 किलो की भर्ती वाली, यूरिया मात्र एक बोरी 45 किलो की भर्ती तथा सुपर फास्फेट प्रत्येक एकड़ जो पहले अनलिमिटेड था अब सिर्फ एक बोरी 50 किलो की भर्ती वाली दी जाएगी। इसी तरह से पोटाश को भी मात्र एक बोरी 50 किलो दिए जाने का प्रावधान बनाया गया है जो अभी किसी भी सोसाइटी में उपलब्ध नहीं है। इतना ही नही जब-जब खाद उपलब्ध रहेगी तब तब पहले किसानों को टोकन दिया जाएगा फिर बाद में खाद दी जाएगी और वह भी एक बार में नहीं यदि बड़े किसान है ज्यादा आवश्यकता है, तो उनको माहवार एवं तीन बार करके दी जाएगी। धनेंद्र साहू ने शासन से मांग किया हैं कि किसानों के हित में इन सारे आदेशों को निरस्त करते हुए पिछले वर्ष की भांति किसानो को पर्याप्त मात्रा में जितनी आवश्यकता है उतनी खाद उपलब्ध करायी जावे।

# ट्रैप कैमरे में कैद हुई मादा भालू और शावक की मनमोहक अठखेलियां





हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से एक बेहद सुखद और मनमोहक तस्वीर सामने आई है। टाइगर रिजर्व के घने जंगलों में एक मादा भालू अपने छोटे शावक के साथ मस्ती करती हुई ट्रैप कैमरे में कैद हुई है। इस खूबसूरत दृश्य ने वन्यजीव प्रेमियों और वन विभाग के अधिकारियों को उत्साहित कर दिया है। ट्रैप कैमरे में कैद तस्वीरों में मादा भालू अपने बच्चे के साथ जंगल में घूमती, खेलती और सुरक्षित माहौल में नजर आ रही है। शावक अपनी मां के ऊपर उछलता–कूदता दिखाई दे रहा है, जिसने पूरे दृश्य को बेहद आकर्षक बना दिया। जंगल के भीतर वन्यजीवों की यह स्वाभाविक गतिविधि इस बात का संकेत मानी जा रही है कि रिजर्व क्षेत्र में वन्यजीवों के लिए अनुकूल वातावरण बना हुआ है। वन विभाग के अनुसार, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में लगातार वन्यजीव संरक्षण और निगरानी का कार्य किया जा रहा है। ट्रैप कैमरा और जंगल मॉनिटरिंग के माध्यम से वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। मादा भालू और उसके शावक की मौजूदगी को जंगल के स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन्यप्राणियो की संख्या बढ़ने से अब लगातार इस तरह का सुंदर दृश्य देखने को मिला है। जंगल में भालू और उसके बच्चे की अठखेलियों ने प्रकृति प्रेमियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी जंगल में वन्यजीवों का सुरक्षित प्रजनन और शावकों का स्वस्थ दिखाई देना उस क्षेत्र की जैव विविधता और संरक्षण प्रयासों की सफलता को दर्शाता है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में सामने आई यह तस्वीर न केवल वन्यजीव संरक्षण की सकारात्मक कहानी बयां करती है, बल्कि लोगों को प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति जागरूक होने का संदेश भी देती है। यह तस्वीर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने अखबार मे प्रकाशित करने के लिए उपलब्ध कराई है।

# प्रति एकड़ 1 बोरी यूरिया, किसानों के साथ छल : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



प्रति एकड़ 2 की जगह अब सिर्फ 1 बोरी यूरिया मिलेगा ऐसा कर भाजपा सरकार किसानों के साथ छल कर रही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने विभिन्न सहकारी समितियों का दौरा खरीफ फसल हेतु खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उक्त बातें व्यक्त की। उन्होंने अब तक खाद्य वितरण शुरू नहीं होने की बात करते हुए रोष व्यक्त किया। साथ ही जल्द खाद्य वितरण शुरू नहीं कराने व पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं कराने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने शुक्रवार को राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सेवा सहकारी समिति फिंगेश्वर,कौंदकेरा,एवं कोपरा पहुंचे।दौरे के दौरान सामने आए आंकड़े रखते हुए भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों की पोल खोलते हुए उन्होंने बताया की पिछले वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 7 मई 2025 के बीच फिंगेश्वर सोसाइटी में डीएपी 350, यूरिया 380,सुपर फास्फेट 140 एवं पोटाश 109,बोरी कौंदकेरा सोसाइटी में डीएपी 143,बोरी यूरिया 247,बोरी सुपर फास्फेट 71,बोरी एवं पोटाश 18,बोरी तथा कोपरा सोसाइटी में डीएपी 540 बोरी यूरिया 733 बोरी सुपर फास्फेट 291 बोरी का वितरण हो चुका था जो उस समय भी अपर्याप्त था, इसके विपरीत इस वर्ष 9 मई 2026 तक की स्थिति बेहद चिंताजनक है इन समितियां में इस वर्ष अब तक किसानों को एक भी बोरी खाद का वितरण नहीं हुआ है और ना ही समितियां में पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा यह स्थिति स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं कि भाजपा सरकार किसानों की जरूरत के प्रति पूरी तरह और असंवेदनशील है।यह समस्या केवल गरियाबंद जिले तक सीमित नहीं है,बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में देखने को मिल रही है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने आरोप लगाया की भाजपा सरकार में किसानों के साथ लगातार छल किया जा रहा है जहां पिछले वर्ष किसानों को प्रति एकड़ 2 बोरी यूरिया एवं 1 बोरी डीएपी दिया जा रहा था वही इस वर्ष उसे भी घटाकर केवल 1 बोरी यूरिया व 1 बोरी डीएपी दिए जाने की बात सामने आ रही है। जो सीधे–सीधे किसानों की उत्पादन क्षमता पर चोट है। इस दौरान जिला कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी टिकेश साहू,फिंगेश्वर मंडल अध्यक्ष तेजेश यदु,सेक्टर अध्यक्ष मनोज सोनवानी,छगन रात्रे,मनोहर साहू चिमनलाल साहू,मिलाप साहू,मंथीर साहू,कुंजलाल ब्रजवासी,शिव साहू,लेखराम साहू,होरीलाल वर्मा,वासुदेव यादव,विरेन्द्र साहू सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### सीसी रोड का भूमिपूजन

नवापारा-राजिम। वार्ड नं 1 में मणिकंचन केंद्र से मेन रोड तक 6 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ,उपाध्यक्ष भुपेन्द्र सोनी एवं वार्ड नं 1 के पार्षद जल सभापति रवि साहू ने किया।

# कुर्रा में चला जन जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड क्रास ने उन्नत भारत अभियान के तहत ग्राम कुर्रा में जनगणना जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में 46 स्वयंसेवकों की भूमिका रही। इस दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि वे बिना भय के सही एवं सटीक जानकारी प्रगणकों दे जिससे जनगणना प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावशाली हो सके। मगर आधार नंबर, पेन नंबर, बैंक खाता या किसी भी प्रकार की ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी साझा न करें। साथ ही जनगणना करने वाले व्यक्ति के पहचान पत्र की जांच जरूर कर लें। जिला संगठक डॉ.आर.के. रजक ने बताया कि जनगणना राष्ट्र के विकास की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण आधार है ग्रामीण अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सहयोग करें जिससे इन आंकड़ों के आधार पर प्रभावशाली योजना बनाई जा सके। गांव के सरपंच पुष्पा-डमेश साहू ने कहा कि जनगणना केवल औपचारिकता नहीं है बल्कि सामाजिक आर्थिक प्रगति का मजबूत आधार है। इस जागरूकता अभियान में डॉ. श्यामा सांडिल कार्यक्रम अधिकारी, नुकेश साहू, उप-सरपंच चेतन साहू, शान्ति तारक, महेशु महेश्वरी, पंच गण अनुज पटेल, गोवर्धन, बामन दास कुर्रे, कृष्ण कुमार कुर्रे, ग्वाल राम साहू, उदयराम साहू आदि ग्रामीणों की अहम भूमिका रही।

# मातृ वंदन और मातृशक्ति सम्मान योजनाओं से बढ़ा महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुरसाबांधा





केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव अब ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में साफ दिखाई देने लगा है। विशेष रूप से महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर चलाई जा रही मातृ वंदन एवं मातृशक्ति सम्मान जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में नया आत्मविश्वास जगाया है। राजिम क्षेत्र की मातृशक्तियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन की खुलकर प्रशंसा कर रही हैं। जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद सदस्य नीता साहू एवं सुरसाबांधा की सरपंच सुलोचना निर्मलकर का कहना है कि पहले महिलाओं को केवल परिवार तक सीमित समझा जाता था, लेकिन अब सरकार की योजनाओं ने उन्हें समाज में सम्मान और पहचान दिलाने का कार्य किया है। महिलाओं ने कहा कि मातृ वंदन योजना के माध्यम से गर्भवती माताओं को आर्थिक सहायता मिलने से उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त करने में मदद मिल रही है। वहीं मातृशक्ति सम्मान जैसी योजनाओं ने महिलाओं के आत्मसम्मान को नई ऊंचाई दी है। इन मातृशक्तियों ने बताया कि सरकार की योजनाओं से उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिली है। महिला समूहों को बढ़ावा मिलने से रोजगार के अवसर बढ़े हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। महिलाओं ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन का वातावरण बना है, जहां आम जनता की समस्याओं का समाधान तेजी से किया जा रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और मातृ वंदन योजना जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को सरल और सुरक्षित बनाया है। सरकार केवल घोषणाएं नहीं कर रही, बल्कि योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है।

**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही–** आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और सरकार उन्हें निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। मातृशक्तियों ने केंद्र और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में भी इसी प्रकार जनहितकारी योजनाएं जारी रहनी चाहिए ताकि समाज में महिलाओं का सम्मान और अधिक बढ़ सके। जनपद सदस्य नीता साहू ने छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय की सरकार महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए लगातार ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिलने से प्रदेश की माताओं-बहनों में खुशी का माहौल है तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि महिलाओं के नाम संपत्ति रजिस्ट्री में पंजीयन शुल्क पर 50 प्रतिशत छूट का निर्णय भी मातृशक्ति सम्मान की दिशा में बड़ा कदम है। भाजपा सरकार महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक एवं पारिवारिक सशक्तिकरण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश की महिलाओं में सरकार के प्रति विश्वास और खुशी बढ़ी है।

## खबर संक्षेप



### शासकीय स्कूल में शिक्षकों की कमी, रोहित साहू को सौंपा ज्ञापन

**राजिम।** नगर के शासकीय राम विशाल पांडे उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल के शाला विकास प्रबंधन समिति के तत्वावधान में प्राचार्य एवं शिक्षक गण स्कूल में शिक्षकों की समस्याओं को लेकर विधायक रोहित साहू से उनके निवास में मुलाकात किए। प्राचार्य बीएल ध्रुव ने विधायक को अवगत कराते हुए बताया कि विद्यालय में वाणिज्य भूगोल , संस्कृत, हिंदी और राजनीति का पद रिक्त है। साथ ही तीन प्यून के पद रिक्त हैं। विधायक रोहित साहू ने प्राचार्य एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों की बातों को गम्भीरता लेते हुए शिक्षा मंत्री से मिलने और जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए आश्वस्त किया तथा विद्यालय के वार्षिक उत्सव में किए गए घोषणा नए नवनिर्भित भवन में फालसीलिंग, टीना शेड, कीचन शेड,पेवर ब्लॉक लगाने सहित सभी कार्यों को जल्द ही पूरा करने का भरोसा दिलाया। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधि मंडल में प्राचार्य बीएल ध्रुव, सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, विधायक प्रतिनिधि खुशी साहू, संजीव साहू, विक्रम ठाकुर, कैलाश साहू, जितेंद्र साहू, नारायण साहू, लीलेंद्र साहू शामिल थे।

### 11 को अछोला हाई स्कूल में समाधान शिविर

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में आयोजित किए जा रहे सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत महासमुंद एवं बसना अनुभाग में समाधान शिविर के लिए निर्धारित कुछ स्थलों में आंशिक परिवर्तन किया गया है। जिले में शिविर 01 मई से 10 जून 2026 तक विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में आयोजित किए जा रहे हैं। जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार महासमुंद अनुभाग में 11 मई 2026 को पूर्व निर्धारित हाईस्कूल मैदान, पीढ़ी के स्थान पर अब हाई स्कूल मैदान अछोला में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 25 मई 2026 को हाई स्कूल मैदान कछारडीह के स्थान पर शासकीय प्राथमिक शाला सलिहाभाटा ग्राम पंचायत तोरला में शिविर आयोजित होगा। वहीं बसना अनुभाग अंतर्गत नगर पंचायत बसना में पूर्व निर्धारित 24 मई 2026 के स्थान पर अब 22 मई 2026 को समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आमजनों से संशोधित तिथि एवं स्थल के अनुसार शिविर में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं समस्या निराकरण सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है।

अपील : वनोपज संग्रहण के लिए केवल बफर क्षेत्रों का उपयोग करें, कोर क्षेत्र में न जाएं

# उदंती टाइगर रिजर्व में अलर्ट, भालू के हमले में दो की मौत के बाद ग्रामीणों से सावधानी की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में स्थित ग्रामवासियों से अपील की गई है कि तेंदूपत्ता, चार, महुआ, जलाऊ लकडी एवं अन्य लघु वनोपज संग्रहण के लिए बफर क्षेत्रों में प्रवेश करते समय अत्यधिक सतर्कता एवं सावधानी बरतें खासकर उन वन क्षेत्रों में जहां वन में अग्नि घटनाएं ज्यादा घटित हुई है। हाल ही में टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान भालू के हमले से दो ग्रामीणों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हुई है। इनमें से एक ग्रामीण जो कि तौरेंगा बफर क्षेत्र के निवासी थे किन्तु कोर क्षेत्र में घुसकर तेंदू पत्ता तोडते पाए गए थे जब उनका भालू से द्वन्द हुआ। इसी प्रकार ग्राम आमामोरा की एक बुजुर्ग महिला 1 दिन से लापता होने के बावजूद ग्रामीणों द्वारा वन विभाग पुलिस को खबर नहीं की गई महिला को ढूँढा गया तो भालू से द्वन्द के चिह्न मिले, महिला का रायपुर के मेकाहारा एवं डीकेएस हॉस्पिटल में इलाज करवाया गया किन्तु उन्होंने सर्जरी के बाद दम तोड दिया।इस दौरान वन अमला रायपुर में लगातार परिजनों के साथ उपस्थित था। दोनों प्रकरणों में तात्कालिक सहायता राशि परिजनों को दी गई है। ग्रीष्मकालीन मौसम में जंगली जीवों जैसे भालू, हाथी एवं बाघों की आवाजाही जल स्त्रोतों एवं वन क्षेत्रों के आसपास अधिक बढ़ जाती है, जिससे मानव वन्यजीव संघर्ष की संभावना बढ जाती है।




**सुरक्षा के लिए विभाग के अभिनव प्रयास-** अभिनव एलीफेंट ट्रैकिंग एवं अलर्ट ऐप का सफल संचालन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से हाथियों की गतिविधियों की पूर्व सूचना ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जाती है। विगत 3 वर्षों में हाथी–मानव द्वन्द में मात्र 2 जनहानि घटित हुई है। वन क्षेत्रों में सोलर पंप स्थापित कर तालाबों में पानी सुनिश्चित किया जा रहा है। छोटे-छोटे जल स्त्रोत (झिरिया) विकसित किए जा रहे हैं ताकि जंगली जानवरों को जंगल के भीतर ही पानी उपलब्ध हो सके और उनका गांवों की ओर आवागमन कम हो। वन क्षेत्रों में आग लगाने वाले 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। ड्रोन के माध्यम से वन्यजीवों की निगरानी एवं संवेदनशील क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। वन अमले द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त एवं निगरानी की जा रही है। त्वरित प्रतिक्रिया दल (रैपिड रिस्पॉन्स टीम) एवं ग्रामीण जागरूकता कार्यक्रमों को मजबूत किया गया है। इन नवाचारों एवं सक्रिय प्रयासों के कारण वन क्षेत्र में वन्यजीवों की बढती उपस्थिति के बावजूद मानव-वन्यजीव संघर्ष एवं जनहानि की घटनाएँ तुलनात्मक रूप से न्यूनतम रही हैं। वन विभाग की सभी ग्रामीणों से अपील है कि वे वन विभाग के साथ सहयोग करें एवं वन क्षेत्रों में प्रवेश करते समय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। मानव जीवन की सुरक्षा एवं वन्यजीव संरक्षण सामूहिक जागरूकता एवं सहभागिता से ही संभव है।

### सावधानियां अपनाने की अपील

वनों में आग न लगाए, वन क्षेत्रों में आग लगाने से जंगली जानवर आक्रामक होते है (दोनों जनहानि सर्वाधिक आग लगने वाले क्षेत्रे तौरेंगा एवं कुल्हाडीघाट परिक्षेत्र में हुई है) बफर वन क्षेत्रे में अकेले प्रवेश न करें, समूह में जाएँ। कोर क्षेत्र में वनोपज संग्रहण न करे प्रातःकाल, संध्या एवं रात्रि में वन क्षेत्रें में जाने से बचें। चलते समय आवाज करते रहें ताकि जंगली जानबर पहले ही दूर हट सकें एवं अचानक आमना– सामना न हो वन्यप्राणियों खासकर हाथियों के झुंड, भालू के बच्चों अथवा बाघ की गतिविधि बाले क्षेत्रें से दूर रहें। वन्यजीवों की गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल वन अमले को सूचित करें। बुजुर्ग एवं बच्चों को घने जंगलों में जाने से रोके उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व द्वारा मानव–वन्यजीव संघर्ष को कम करने तथा ग्रामीणों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए लगातार प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

## शुभेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण पर आतिशबाजी की और बांटी मिठाई



**फिंगेश्वर।** पश्चिम बंगाल में 9 मई को भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत एवं शपथ ग्रहण समारोह में शुभेंदु अधिकारी को मुख्यमंत्री बनाये जाने पर ग्राम जामगांव में हर्षोल्लास के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य जश्न एवं उत्सव मनाया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं आमजन में अपार उत्साह देखने को मिला।मिठाइयां वितरित कर, आतिशबाजी एवं जयघोष के साथ सभी ने इस ऐतिहासिक पल की खुशियाँ साझा कीं।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि पि"चम बंगाल का विजय राष्ट्रवाद, विकास और जनविश्वास की जीत है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर क्षेत्र एवं भाजपा मंडल फिंगेश्वर के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्त्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।इसके साथ ही मातृशक्ति की गरिमामयी एवं उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक भव्य एवं ऐतिहासिक बना दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता धनीराम साहू, भाजपा नेता मिंजून साहू, जिला अध्यक्ष दशरथ सिन्हा,उपाध्यक्ष अरुण सिन्हा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, खुमान साहू, दोहन साहू, नेतराम साहू, कोमल ढीढी, सियाराम राम ध्रुव, उमराव ध्रुव, चुम्मन सिन्हा, यशवंत साहू, मेवालाल तारक, राधेश्याम साहू, यशवंत साहू, भागवत सिन्हा, नीलम साहू, शिवराम सिन्हा, नेमीचंद साहू, मुकेश ध्रुव, सुखी राम दीवान, ओमप्रकाश उपस्थित थे।

## किसान कांग्रेस के जिला महासचिव उपाध्यक्ष व कार्यकारिणी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छूरा

किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के अनुमति से किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बाल मुकुंद मिश्राने संगठन महामंत्री प्रहलाद यदु के द्वारा उपाध्यक्ष, महामंत्री, संयुक्त सचिव कार्यकारिणी एवं ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की है जो आने वाले समय में क्षेत्र के किसानों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष एवं मार्गदर्शन करेगी ,किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि पूरे पदाधिकारी की सूची में देवभोग, मैंनपुर, अमली पदर, गरियाबंद, फिंगेश्वर छुरा सभी के लोगों को बराबर के अवसर दिया गया है ताकि पूरी टीम एक साथ मिलकर कार्य करें। प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष टीकाराम साहू, सहकोषाध्यक्ष बिशेसर दीवान, मिडिया प्रभारी दानसिंग निषाद, उपाध्यक्ष रामकुमार शर्मा, तुलाराम साहू, शीला ठाकुर, प्रदीप यादव, योगेन्द्र मेश्राम मुलसिंह ठाकुर, सुरेश दास मानिकपुर, बलराम भुजिया, सोनसाय निषाद, नरेश कोमर्रा, टीकेश्वर प्रसाद तिवारी, चोवन नेताम, मदन लाल ध्रुव, तिलकराम यदु, रजनी चौरे, बुन्दा साहू, इंदरमन सिन्हा, भोजराम नागेश,मोहम्मद स्माईल मेमन, गोपाल दीवाकर, मोहन ठाकुर, पुरन ठाकुर, श्यामरतन साहू, जयराम जगत, घनसाय निषाद, कमलेश नायक, विमल ठाकुर, जगन्नाथ साहू, हुलस राम यादव, नंदुराम यादव, नथ्थुराम कश्यप, डोमार सिंह ध्रुव, खेमसिंग ध्रुव, जितेन्द्र साहू, भीमसिंह, चतुर मंडल, राजेश यादव, जीवन साहू, प्रेमसाय जगत, थानुराम पटेल, जगबंधु सिन्हा, हरिशचंद्र नेगी, खेलन दीवान, सुनील मरकाम, टंकेश्वर नागेश, ओमप्रकाश जोशी, जमुनाबाई नायक, भुपेन्द्र अवस्थी, बसंतराम यादव, झीटकुराम मरकाम, घनश्याम यदु, कवीराज नेताम, दुलार सिंह मांझी, अरूण दौरा, पूजा यादव, जागेश्वर टांडीया, दीपक कुमार साहू महासचिव, रामरतन सिंह, चंद्रशेखर यादव, द्वारिका ठाकुर, फलसराम भुजिया, बिरेन्द्रकमलेश, नेपाल सोरी, भाखसिंग साहू, कन्हैया ठाकुर, देवकुमार, धनेश कुमार, दशरथ बरिहा, अमृत निर्मलकर, ओमप्रकाश साहू, शिवदास मानिकपुरी, भागेश्वर ठाकुर, राजकुमार सोनवानी, पवन कुमार साहू, सन्तुराम यादव, प्रितराम सिन्हा, गंगाराम ध्रुव, अमरसिंह जाट, लोकराम यादव, केशव चंद्राकर, महेश सोरी, अवधराम कमार,





मोतीराम साहू, नरेन्द्र ठाकुर, जितेन्द्र कुमार सर्वे, हरिशंकर यादव, तुलसीराम ध्रुव, सुरेश निषाद, बाबुलाल ध्रुव, राजुराम पटेल, रूपेश साहू, हीराधर गायकवाड, सोभीत यादव, मेघनाथ साहू, सरोज महाड़ीक, कामता साहू, जागेश्वर विश्वकर्मा, दीपक निर्मलकर लोकेश सांडे, छबी दीवान, मधुसिंह ओटी, कैलाश नेततम, वरुणलाल सोरी विजय मांझी, वासुदेव साहू, मोतीराम नेताम, पदुमलोचन बघेल, जलधर मरकाम, मनोहर यादव, शिवोराम यादव, हरपलेस सोम संयुक्तसचिव, नरेन्द्र नेताम, जागेश्वर निर्मलकर, प्रेमनेताम, लोकेश कुमार नेताम, रमेश नेताम, प्रभुलाल सिन्हा, यशवंत पुजारी लोकेश नेताम, खगेश दाउ, अवधराम मुंजीया, लक्ष्मीदास सोनवानी, सालिक ठाकुर, संतन ठाकुर, बिसे ठाकुर, पंचुराम साहू, बलराम साहू, लखन लाल ध्रुव,इकबाल मेमन, प्रताप ठाकुर, सत्रुधन सिन्हा, खुलुराम महिलांग,जाहीब खान,विमल सेनापति संयुक्तसचिव आनंद साहू, मनहरण साहू, फिरूराम धिवर, रामायण कंवर, गोकुल राम ध्रुव झब्बुराम सतनामी, केदारराम ध्रुव, दयालु भारती, गज्जुराम यादव, बिसाहुराम साहू, धनेश धृतलहरे, चन्द्रहास साहू, गोवर्धन यादव, सियाराम साहू, हेमन्त बी.डी., बिहारी राम साहू, हरचंदनेताम, धनसाय सारी, सुखसाय सुर्यवंशी, युधिष्ठीर साहू, केलिया सिंह यादव, रामानुज नेताम, दीलिप अवस्थीं,नजिया बेगम अशोक सोनी , चेतन राम बघेल, जगदीशचंद टांडीया, प्रोपेश मरकाम, भजनलाल प्रधान, लक्ष्मण सिंह ध्रुव कार्यकारिणी रिखीराम यादव, हरिशराम ध्रुव, सुखदेव ठाकुर, अनिता यदु, भगवती सिन्हा, रूपा कंवर, अनिल कुमार साहू, छबीराम ध्रुव, भुनेश्वर यादव रमन सिन्हा, तोषण बंजारे, ठाकुराम चंद्राकर, बुधराम पांडे, चोवाराम पहाड़ीया, सेवकराम साहू, प्रहलाद चंद्राकर, सुधेराम ठाकुर, रामबिहारी कमार, सारदा दीवान, रंजन सिंह निषाद, दलपती नेताम, सदेव सोरी, निखारी राम नागेश, जनकराम नागेश, मदन लाल प्रधान, मोहन लाल यादव कार्यकारिणी किर्तन सिंह ध्रुव, तीरनाथ पूजारी, डगर राम यादव अध्यक्गरियाबंद, छबी राम नेताम अध्यक्ष, छुरा बुढ़ानसिंह ठाकुर, अध्यक्ष फिंगेश्वर ठाकुरराम यादव, अध्यक्ष मैनपुर, पारेश्वर नेगी, अध्यक्ष अमलीपदर नीलाधर साहू, अध्यक्ष देवभोग अनामो बघेल है।

## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने डीईओ बीएल देवांगन से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा महासमुंद जिला में नवागंतुक जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन से कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन एवं जिलाध्यक्ष अनिल पटेल के नेतृत्व में सौजन्य भेंट करते हुये गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ सदैव शिक्षा व शिक्षार्थी हित में कार्य करते हुये महासमुंद जिला को अग्रणी बनाने में योगदान दिया है और सतत जारी रहेगा। समस्त पदाधिकारियों का परिचय कराते हुये उप प्रांताध्यक्ष टेकराम ने कहा कि देवांगन एक कुशल व शिक्षा के क्षेत्र में चिंतन करने वाले अधिकारी रहे हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन ने कहा कि छग शिक्षक संघ अपने उच्च आदर्शों के कारण एक अलग पहचान स्थापित किया है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से उमेश भारती गोस्वामी, टेकराम सेन, नंद किशोर सिन्हा, प्रमोद कन्नौजे, अनिल पटेल, राजेश शर्मा, भागवत जगत, किशोर कुमार रथ, टोहन देवांगन, जिला सचिव जयराम पटेल, टेकेश्वर जायसवाल, कोमल साहू, लता वैष्णव, डी. बसंत कुमार साव, प्रकाश टंडन, लिंगराज देवांगन, बसंत साहू सहित जिले एवं विकासखंडों के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## पावर लिफ्टिंग स्पर्धा का शुभारंभ ...



नवापारा-राजिम। शहर के शास हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल में 8वां राज्यस्तरीय पावर लिफ्टिंग दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया।

पेज 11 के शेष...

### प्रधानमंत्री आवास के...

बुजुर्ग दंपति ने जब सुशासन तिहार के समाधान शिविर में जिला पंचायत सीईओ को देखा तो अपनी पीड़ा सुनाने के लिए उनके पैरों में गिर पड़े और आवास दिलाने की गुहार लगाई। इस भावुक घटना का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर कई सवाल खड़े हो गए हैं। एक ओर सरकार सुशासन तिहार के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का दावा कर रही है वहीं दूसरी ओर विशेष संरक्षण की पात्र जनजातियों को भी बुनियादी सुविधाओं के लिए अधिकारियों के सामने गिड़गिड़ाना पड़ रहा है। वायरल वीडियो ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि यदि जिम्मेदार अधिकारी पहले से सक्रिय होते तो शायद इस बुजुर्ग दंपति को इस तरह सार्वजनिक रूप से मदद की गुहार नहीं लगानी पड़ती।

### सीएमओ चेंबर में...

से लेखापाल संदीप चंद्रकार के खिलाफ भी 296-बीएनएस और 351(3)-बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस घटना ने नगर पंचायत के भीतर चल रहे अंदरूनी भ्रष्टाचार और पेमेंट विवादों की कलई खोल दी है और अब लोग यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या सरकारी दफ्तर अब गुंडागर्दी के अड्डे बन चुके हैं। वर्तमान में पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान और तलाश में जुटी हुई है जबकि इस विवाद के पीछे के असली कारणों और पेमेंट के लेन-देन की फाइलों की भी जांच की जा रही है।

**मारपीट के बाद भारी दहशत का माहौल-** देवभोग के नगर पंचायत में सीएमओ का चेंबर के भीतर मारपीट के बाद सरकारी कर्मचारियों में भारी दहशत का माहौल देखने को मिल रहा है। जानकारी के मुताबिक, घटना 7 मई के शाम 5 बजे के बाद का बताया गया है मारपीट के बाद संदीप की शिकायत पर इंजीनियर श्याम सुंदर पटनायक और उनके तीन सहयोगी के खिलाफ मामला थाने में दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की शिकायत पर संदीप चंद्राकर के खिलाफ देवभोग पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। थाना प्रभारी फैजुल शाह हुदा ने कहा कि प्राप्त शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है। सीएमओ दुष्यंत साहू से घटना वाले दिन की सीसीटीवी फुटेज की मांग की गई थी, लेकिन उस वक्त उनके द्वारा रिकॉर्डिंग होने से इंकार कर दिया गया था अब वायरल वीडियो की पुष्टि के लिए सीएमओ को पत्र लिख जानकारी मांगी जा रही है।

**जांच के घेरे में पेमेंट विवाद और वायरल वीडियो-** मिला जानकारी के अनुसार एकाउंटेंट संदीप चंद्राकर कर्मचारी यूनियन का प्रदेश कोषाध्यक्ष बताया जा रहा है। प्रभारी सीएमओ दुष्यंत साहू भी इसी यूनियन के पदाधिकारी हैं ऐसे में अब मामले में नवनियुक्त कर्मचारी यूनियन का दखल सामने आया है। सीएमओ चेंबर में हुए इस घटना के बाद प्रशासनिक कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है पुलिस के समक्ष पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत करने के बजाए उसे सार्वजनिक प्लेट फार्म पर वायरल करने की घटना को पुलिस गंभीरता से ले रही है। मामले में संदिग्ध और सुनियोजित बिंदुओं को भी आधार बनाकर जांच करने की बात कही जा रही है। गरियाबंद के देवभोग नगर पंचायत कार्यालय में वेतन भुगतान को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि सीएमओ चेंबर में ही मारपीट हो गई। इंजीनियर और अकाउंटेंट के बीच शुरू हुई बहस देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा।

### कोड़ो हरदी के...

रहने के कारण शव पूरी तरह सड़-गल चुका है, जिससे पहचान में दिक्कत आ रही है। घटनास्थल से पुलिस को एक टी-शर्ट, जिस पर पीपल कॉल ममी पापा लिखा हुआ है, तथा एक लुंगी बरामद हुई है। पुलिस इन वस्तुओं को अहम सुराग मानते हुए मृतक की पहचान और मौत के कारणों की पड़ताल कर रही है। जंगल के भीतर मिले इस शव ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक कौन है? उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई? क्या यह हत्या का मामला है, कोई दुर्घटना या फिर कोई अन्य रहस्य? इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पुलिस जांच आगे बढ़ा रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल है, वहीं पुलिस स्थानीय लोगों और आसपास के थानों से गुमशुदगी की जानकारी जुटाकर शव की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### सुशासन तिहार के...

शहरी के लंबित प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण करने तथा पंचायतवार अद्यतन सूची तैयार रखने के निर्देश दिए गए। **राजस्व और जनहित के कार्यों पर विशेष जोर-** बैठक में स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान भारत, टीबी मुक्त अभियान, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, सिकल सेल जांच तथा चिकित्सा सेवाओं को प्राथमिकता देने को कहा गया। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान, महतारी वंदन योजना तथा वन विभाग को तेंदूपत्ता संग्रहण व्यवस्था सुचारू रखने को कहा गया। पीएम सूर्यघर मुफ़्त बिजली योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों के घरों का सत्यापन एवं स्वीकृति कार्य में गति लाने पर जोर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती एवं पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए गर्मी के मौसम में विशेष निगरानी रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में तत्काल मरम्मत एवं आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए गए। ई-ऑफिस प्रणाली के बेहतर उपयोग पर भी जोर दिया गया। शिक्षा विभाग को पीएम श्री स्कूलों की प्रगति, आधारभूत सुविधाओं की पूर्ति करने को कहा। कलेक्टर ने सभी विभागों से कहा कि सुशासन तिहार के दौरान जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से निराकरण करें। ताकि नागरिकों को अधिकतम लाभ मिल सके।

## सात दिवसीय पत्रकारिता प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पत्रकारिता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन स्व जयदेव सतपथी महाविद्यालय बसना के तत्वावधान में आयोजित किया गया। पत्रकारिता प्रशिक्षण शिविर में सेवक दास दीवान ने व्याख्यान में बताया कि साहित्य एवं पत्रकारिता, उसके मूल सिद्धांत, पत्रकारिता का उद्भव एवं विकास,स्वतंत्र पत्रकारिता, लेखन विधाएं, पत्रकारों का दायित्व एवं आचार संहिता, हिंदी पत्रकारिता की प्रवृत्तियां व उद्देश्यों के विषयों पर छात्र-छात्राओं को विस्तार से बताया। प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सेवक दास दीवान के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

## विधायक जनक ध्रुव ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव इन दिनों लगातार दूरस्थ वनांचल के ग्रामों में पहुंच रहे हैं।शनिवार को फिर क्षेत्र के दर्जनभर ग्रामों पाराटोला में पहुंचकर पैदल जनसंपर्क कर लोगों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, अध्यक्ष युवा कांग्रेस सोहन नागेश, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष दुलेन्द्र नेगी, डोमार साहू, टीकम कपिल, नीरा कपिल, लिकेश यादव एवं बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता ग्रामीणजन उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पकने लगे काजू का फल

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के कई ग्रामों में ग्रामीणों ने अपने घर में काजू के वृक्ष लगाए हैं। इन काजू के वृक्षों में फल आ गया है और फल पककर तैयार हो गया, जिसके फल को बच्चें व ग्रामीण बड़े चाव से खाते हैं, काजू का फल काफी आकर्षक व मनमोहक नजर आ रहा है।

### सेवानिवृत्ति पर मुरलीधर वर्मा को डाइट परिवार द्वारा दी गई विदाई

**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में सहायक प्राध्यापक के रुप में कार्यरत मुरलीधर वर्मा को उनके अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर डाइट परिवार द्वारा उन्हें सम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर डाइट प्राचार्य अरुण प्रधान ने कहा कि एमडी वर्मा एक कुशल गणित शिक्षक के साथ-साथ एक अच्छे व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति हैं। उन्होंने संपूर्ण जीवन शिक्षा जगत को समर्पित किया है। उप प्राचार्य उमादेवी शर्मा ने कहा कि वर्मा कन्या उमावि स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल जैसे उत्कृष्ट विद्यालय में कार्य करते हुये शिक्षा जगत को गौरवान्वित किया है। डाइट में महज 5 महीने का संक्षिप्त कार्यकाल में उल्लेखनीय रहा है। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक राजेश चंद्राकर के. सिंग, सुलमा द्विवेदी व्याख्याता संतोष साहू, टेकराम सेन, सुमन दीवान, किरण कन्नौजे, दुर्गा सिन्हा, तिलोत्मा प्रधान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू, कार्यालयीन स्टाफ से सुनील मरकाम, सुनील साहू, सुषेण दीवान, आकांक्षा साहू, प्रदीप साहू, योगेंद्र पांडेय, मीना साहू, गरिमा सिंह राजपूत, तरुण चंद्राकर, हिरामन, अजय, उदित ने उनके स्वर्णिम कार्यकाल का उल्लेख करते हुये उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुये साहित्यिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन ने अपनी पंक्तियों के माध्यम से मुरलीधर वर्मा को सम्मान दिया।

### सोहम में आज शिविर

**महासमुद।** स्थिम जन सेवा समिति के तत्वावधान में 10 मई 2026 रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सोहम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में स्त्री रोग, सायटिका, कमर दर्द, घुटना दर्द एवं सर्वाइकल संबंधी समस्याओं की विशेषज्ञ जांच एवं परामर्श उपलब्ध रहेगा। शिविर में बीपी, शुगर, ईसीजी, सोनोग्राफी एवं बोन डेंसिटी जांच निःशुल्क की जाएगी। समिति ने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेने की अपील की है।

### एकलव्य स्कूल के लिए अनिल का चयन

**महासमुंद।** भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उ मावि में वर्तमान में अध्ययनरत छात्र अनिल कुमार दीवान का चयन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लिए हुआ हैं। वह सत्र 2025-26 में कक्षा दशम में अध्ययनरत था। उन्होंने एकलव्य विद्यालय में चयनित होकर अपने शिक्षकों का, विद्यालय का और अपने परिवार का नाम रौशन किया हैं।

### यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने कहा, यातायात व्यवस्था सचमुच भगवान भरोसे दिख रही है। पुलिसकर्मी मुख्य चौराहों के बजाय कोनों में छिपकर चालान काटने और मोटरसाइकिल में बैठकर मोबाइल चलाने में ज्यादा रुचि ले रहे हैं। जाम सुचारू करने के बजाय राजस्व वसूली पर ध्यान है।

### मंडियों में धान की खरीदी 1700 से 1800 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिक रहा

# राजिम क्षेत्र में धान की कटाई जोरों पर, अच्छी पैदावार से खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुरसाबांधा/बकली/राजिम

राजिम क्षेत्र के सुरसाबांधा, श्यामनगर, धुमा, परतेवा, कुरूसकेरा, लफंदी, बकली, रांवड़, बेलटुकरी, भैंसातरा जैसे दर्जनो गांवो में रबी सीजन की धान कटाई इन दिनों जोरों पर चल रही है। खेतों में सुबह से देर शाम तक हार्वेस्टर मशीनों एवं मजदूरों की आवाजाही देखने को मिल रही है। मौसम अनुकूल रहने एवं फसल की अच्छी पैदावार होने से किसानों के चेहरों पर खुशी दिखाई दे रही है। श्यामनगर के किसान शेखर साहू,प्रेम साहू ने बताया कि इस वर्ष रबी धान की फसल बेहतर हुई है। कई गांवों में आधुनिक कृषि उपकरणों की सहायता से तेजी से कटाई कार्य किया जा रहा है, वहीं कुछ किसान पारंपरिक तरीके से भी फसल कटाई में जुटे हुए हैं। इन किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी प्रकार साफ बना रहा तो अगले कुछ दिनों में अधिकांश क्षेत्रों में कटाई कार्य पूर्ण हो जाएगा। कटाई के बाद धान की मिंजाई एवं परिवहन का कार्य भी प्रारंभ हो गया है। मंडियों में भी धान आवक बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों खेतों में विशेष चहल-पहल देखी जा रही है। महिलाएं एवं किसान परिवार सुबह से खेतों में कार्य कर रहे हैं। रबी धान की अच्छी पैदावार को लेकर किसानों ने उम्मीद जताई है कि इस वर्ष कृषि उत्पादन बेहतर रहेगा और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी।



#### चैन मशीन की बढ़ी मांग

गीली जमीन होने से बड़े हार्वेस्टर मशीन खेतों में नहीं चल पा रहे हैं जिसके चलते किसान चैन मशीन और हाथ से धान कटाई का सहारा ले रहे हैं किसानों का कहना है कि चैन मशीन गीली जमीन में भी आसानी से काम कर रही है जिससे कटाई कार्य तेजी से हो रहा है। यही वजह है कि इस दिनों चैन मशीन की मांग लगातार बढ़ गई है। हालांकि चैन मशीन से कटाई करना हार्वेस्टर की तुलना में महंगा पड़ा रहा है वर्तमान में किसान 3500 सौ प्रति घंटे की दर से धान कटाई करवा रहे हैं कई किसान अभी भी पारंपरिक तरीके से हाथों से धान काट रहे हैं क्योंकि खेतों में पानी और नमी अधिक होने से भारी मशीनें फंसने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से शाम तक खेतों में कटाई का काम जारी है।

#### खेतों में नमी बनी चुनौती

बकली के किसान सियाराम साहू, भारत मिरी, रामपाल मिरी, किसलाल साहू, जयपाल साहू, गणेश साहू, जीता मिरी, उमेश साहू, कमलेश साहू, बीजू यादव, मंगतू साहू ने बताया कि इस बार रबी धान की फसल का उत्पादन ठीक ठाक है। मौसम भी फसल के अनुकूल रहा जिससे पैदावार बेहतर आई हैं। लेकिन किसानों की चिंता मंडियों में मिल रहे काम दास को लेकर बढ़ गई है किसानों के अनुसार वर्तमान में धान 1700 से 1800 रूपए प्रति क्विंटल की दर से बिक रहा है। यहां के किसानों ने बताया कि खेतों में कटाई का काम शुरू हो चुका है हालांकि इस बार खेतों का की जमीन पूरी तरह नहीं सूख पाने के कारण किसानों को धान कटाई में दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है।

# भीषण गर्मी में गांव-गांव घूम रहे नांदिया बैल वाले

### पारंपरिक मनोरंजन हो रहा विलुप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)

इन दिनों ग्रामीण अंचलों में तेज धूप और भीषण गर्मी के बीच गांव-गांव में नांदिया बैल वाले घूम-घूमकर भिक्षा मांगते नजर आ रहे हैं। ये लोग अपने बैलों को आकर्षक कौड़ियों से सजाते हैं तथा उनके पैरों में घुंघरू बांधकर घर-घर पहुंचते हैं। प्रायः ये अन्य प्रांतों से आने वाले लोग होते हैं। पहले इन बैलों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के खेल-तमाशे दिखाकर लोगों का मनोरंजन किया जाता था, लेकिन अब इस तरह की परंपराएं लगभग विलुप्त हो चुकी हैं। कभी-कभी ये नटबाज सुरही गाय के साथ भी गांवों में पहुंचते हैं, परंतु पारंपरिक कला का वह स्वरूप अब देखने को नहीं मिलता। इधर गांवों में तेंदूपत्ता तुड़ाई का कार्य भी जोरों पर है, जिससे अधिकांश लोग जंगलों में व्यस्त रहते हैं और गलियां सुनसान पड़ी रहती हैं। ऐसे में किसी अनहोनी की आशंका भी बनी रहती है। इन नांदिया बैल वालों की स्थिति भी दयनीय है। वे अपने पेट की खातिर मूक पशुओं को गांव-गांव घुमाते हैं, लेकिन उनके चारे-पानी की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाती, जिससे बैल और बछड़े दुबले होते जा रहे हैं। पहले इनके पास छोटा



बाजा होता था, जिसे बजाकर वे बच्चों का मनोरंजन करते थे। साथ ही पारंपरिक जादुई खेल दिखाने वाले नट, चिंकारा-रूजुन बजाने वाले हरबोलवा जैसे लोक कलाकार भी गांवों में सक्रिय रहते थे, लेकिन अब ये सभी परंपराएं धीरे-धीरे समाप्त हो गई हैं। ग्राम मड़ेली, जरगांव, खड़मा, कोरासी, बोईरगांव, पंक्तियां, जुनवानी और कनेसर सहित आसपास के गांवों में इन दिनों नांदिया बैल वाले घूमते नजर आ रहे हैं।

# शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आगाज, कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र प्राचीन शिव मंदिर में गुरुवार से दिव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस धार्मिक उत्सव के उपलक्ष्य में संपूर्ण मैनपुर नगर को भव्य तोरण द्वारों और ध्वजा–पताकाओं से दुल्हन की तरह सजाया गया है। महोत्सव के पहले दिन शाम 4:30 बजे कलश यात्र निकाली गई, जो पूरे नगर के आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। गाजे-बाजे और भक्तिमय जयघोष के साथ बडी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु इस यात्र में सम्मिलित हुए। कलश यात्र के पश्चात आचार्य पंडित नंदकिशोर चौबे द्वारा वैदिक मंत्रेच्चार के साथ देव पूजन संपन्न कराया गया।



भगवान का सात पवित्र नदियों के जल से जलाधिवास किया गया, जिससे संपूर्ण क्षेत्र शिवमय हो गया। मंदिर समिति ने जानकारी दी कि 8



मई को सहस्त्र मंत्र जाप एवं अन्नाधिवास होगा, वहीं 9 मई को पुष्पाधिवास और भव्य हवन-पूजन संपन्न होगा। महोत्सव का समापन 10 मई को शिव महाभिषेक, महाप्रसादी और विशाल भंडारे के साथ होगा। स्थानीय नागरिकों के सहयोग से निर्मित इस भव्य मंदिर के उद्घाटन को लेकर क्षेत्रवासियों में अभूतपूर्व उत्साह है। आयोजन को सफल बनाने में श्री रामसेना हिन्दू संगठन, शिव सेवा वाहिनी, दुर्गा वाहिनी सहित समस्त नगरवासी जुटे हुए हैं। मंदिर समिति ने आगामी समस्त अनुष्ठानों हेतु अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

# मुड़तराई मुख्य मार्ग में गड्ढों से हो रहे हादसे राहगीर परेशान, विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

ग्राम मुड़तराई के मुख्य मार्ग पर बना एक फीट से अधिक गहरा गड्ढा राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी और हादसों का कारण बन गया है। प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। खासकर रात के समय या मार्ग से अनजान लोग गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। कई दोपहिया वाहन चालक गाड़ी सहित गिर चुके हैं, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग गरियाबंद से महासमुंद जाने का शॉर्टकट रास्ता होने के कारण काफी व्यस्त रहता है। क्षेत्र के लोग आवागमन के लिए इसी सड़क का अधिक उपयोग करते हैं। बावजूद इसके सड़क की बदहाल स्थिति पर



जिम्मेदार विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। जानकारी के अनुसार कोपरा से पोखरा मार्ग का निर्माण कार्य पिछले तीन माह से बंद पड़ा हुआ है। निर्माणाधीन सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, लेकिन ठेकेदार द्वारा मरम्मत या सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। यह खतरनाक गड्ढा ग्राम कोपरा से लगभग एक किलोमीटर पहले स्थित है, जहां हर दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नया मार्ग निर्माणाधीन होने के बावजूद जब तक सड़क पूरी तरह तैयार नहीं हो जाती, तब तक पुराने मार्ग की मरम्मत जरूरी है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण का ठेका लेने वाले ठेकेदार और संबंधित विभाग दोनों ही लापरवाही बरत रहे हैं। वहीं ग्राम पंचायत की ओर से भी इस समस्या के समाधान के लिए कोई पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य शुरू होने तक अस्थायी रूप से गड्ढे को भरवाकर आवागमन सुरक्षित किया जाए, ताकि रोज हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# परसदा में मना रोजगार दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ग्राम परसदा में 7 मई को मनरेगा के तहत स्वीकृत तालाब में मजदूरों के साथ मिलकर रोजगार दिवस मनाया गया। यह जानकारी देते हुए मनरेगा मेट टीकू यादव ने बताया कि यह शासन की एक महत्व पूर्ण योजना का क्रियान्वयन है जिसके तहत छत्तीसगढ़ के सभी ग्राम पंचायत में माह के 7 तारीख को रोजगार दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसमें गांव के मनरेगा के तहत कार्य योजना आपसी सहमति से बनाकर जैसे तालाब गहरीकरण, पचरी निर्माण, कच्ची नाली निर्माण, निजी डबरी निर्माण, आपसी समावेश से चर्चा कर कार्य प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेजा जाता है। सरपंच रमेश वर्मा ने बताया कि अभी मनरेगा के तहत दो तालाबों का प्रशासकीय स्वीकृति हो चुका है जिसमें आगे मनरेगा मजदूरों के द्वारा कार्य कराए जाएंगे। इस माह मनरेगा में उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्राम पंचायत परसदा अभनपुर ब्लॉक में प्रथम स्थान पर है। मजदूरी 260 रुपय दिया जा रहा है। श्रमिकों की हाजिरी बायोमेट्रिक प्रणाली द्वारा लिया जाता है। वर्तमान में तालाब गहरीकरण में लगभग 275 मजदूर कार्यरत है पूर्व में किए गए कार्यों का लगभग 27 दिनो का राशि भुगतान



डीपीटी के माध्यम से डायरेक्ट मजदूर के खाता में चला गया है। कार्य का निरीक्षण सब इंजीनियर राकेश सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर रोजगार सहायक मिलेश साहू, सचिव रामचंद्र तारक, मेट योगेश यादव, हरिश्चंद्र साहू, मोहन साहू, जया महिलांग, रानी बारले, भारती तारक, कविता तारक, पंचगण, उपसरपंच, विनोद सेन, जगदीश साहू, गोपाल साहू, आसाराम साहू, रामजी खिलवारे, संतराम बारले, सुखचंद तारक, आशा, लता महार, संतोषी तारक, आशा महिलांग, रानी यादव, जानवी, गजेंद्र वर्मा, सोमती साहू मौजूद थे।

# गादीकोट बुल्स ने छत्तीसगढ़ हॉस्पिटल को 24 रनों से दी मात, जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

छुरा चैंपियंस लीग सीजन 1 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में गादीकोट बुल्स की टीम ने छत्तीसगढ़ हास्पीटल को 24 रन से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया और लक्ष्मी नारायणा हास्पिटल द्वारा प्रदाय प्रथम पुरस्कार की राशि 1लाख रुपये प्राप्त किया द्वितीय पुरस्कार के रुप में 60 हजार रुपये एवं ट्राफी लक्ष्मी नारायणा हास्पिटल द्वारा प्रदान की गई प्लेयर आफ द मैच ट्राफी सूरज ध्रुव को पवन फ्यूल्स द्वारा दिया गया प्लेयर आफ द सीरीज ईशु गादीकोट बुल्स को पटेल मोबाइल की ओर से स्मार्ट मोबाइल नरेंद्र पटेल द्वारा दिया गया। बेस्ट बालर गजनी गादीकोट बुल्स को सबमर्सिबल पंप सुनील सचदेव द्वारा प्रदान किया गया। बेस्ट बेट्समैन भूपेंद्र छत्तीसगढ़ हास्पिटल



को स्मार्ट टीवी सागर इन्टरप्राइसेस द्वारा प्रदान किया गया बेस्ट विकेट कीपर की ट्राफी लक्की वर्मा छत्तीसगढ़ हास्पीटल को प्रदान किया गया। बेस्ट फील्डर की ट्राफी सुनील गादीकोट बुल्स ने प्राप्त की। बेस्ट सिक्सर की ट्राफी ईशु गादीकोट बुल्स को दिया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए अंपायर कमेंट्रेटर स्कोरर यूनूस खान, सुशांत दिव्याकर, संतराम साहू, अजय नेताम, हीरालाल साहू, यादराम साहू, अवतार सिन्हा, शीतल ध्रुव एवं पवन सिन्हा को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारायण दुबे संचालक लक्ष्मी नारायणा हास्पिटल अतिथि गण सलीम मेमन पंचराम टंडन यामिन खान मानसिंग निषाद सुजल कोठारी नरेंद्र पटेल उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में पंकज साहू शिव ठाकुर, राजकुमार लहरे अविनाश वर्मा, पंकज साहू, पीटीआई लिबान लहीम के साथ - साथ सभी टीम ओनर्स का विशेष योगदान रहा। फाइनल मैच में अब्दुल समद खान पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत, शंकर सारडा, पंकज निर्मलकर, जनपद सदस्य मेश नंदन पांडे, अनीश सोलंकी, जब्बार खान, सुनील सचदेव, नीलकंठ ठाकुर, आदिवासी समाज प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

### रसेला अंचल में लो-वोल्टेज का संकट

**रसेला।** क्षेत्र में हर वर्ष गर्मी के दिनों में बिजली की मूलभूत समस्या से जूझ रहा है। रसेला अंचल में ग्रामीण पिछले पांच साल से लो वोल्टेज की मार झेल रहे हैं। आलम यह है कि बोर, पंखे व कूलर नहीं चल रहें और लोग पीने के पानी के लिए भी भटक रहे हैं। ग्राम कनसिघी के निवासी रवि चन्द्राकार, राधे सेन,सुनील सिंह, जैयलाल यादव, गोवर्धन नागेश,रिखिदास मानिकपुरी, संतोष कहार बताते हैं कि घर के बल्ब



दीये की तरह टिमटिमा रहे हैं और भीषण गर्मी में पंखे कूलर व इंडक्शन सिर्फ दिखावे की वस्तु बनकर रह गए हैं इस समस्या को लेकर बिजली विभाग छुरा के अधिकारियों और कर्मचारियों को कई बार लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराया है लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। विभाग की इस बेरुखी से नाराज होकर अब समस्त क्षेत्र सभी पंचायतों के सरपंच और ग्राम प्रमुखों द्वारा आने वाले 19 तारीख दिन मंगलवार को प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार में गुहार लगाएंगे। साथ ही एक दिन में कइयो बार बिजली की इस आंख मिचौली का सबसे बुरा असर किसानों को पड़ रहा है। वोल्टेज इतना कम रहता है कि मोहल्ले क सार्वजनिक बोरेवेल चल ही नहीं पाता। पानी की किल्लत के कारण महिलाओं को दूसरे के घर से पानी ढोना पड़ रहा है, जिससे उन्हें भारी मानसिक और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की समस्या विकराल रूप ले लेगी। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस पर कितनी जल्दी संज्ञान लेता है।

### गांवों में तेजी से हो रहा रोजगार सृजन

# महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुरसाबांधा

क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुरसाबांधा, परतेवा, एवं धुमा में इन दिनों महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत विभिन्न विकास कार्य तेजी से संचालित हो रहे हैं। गांवों में रोजगार उपलब्ध होने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है तथा योजना से बड़ी संख्या में परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। ग्राम पंचायतों में तालाब गहरीकरण, मिट्टी समतलीकरण, डबरी निर्माण, सड़क मरम्मत, नाली निर्माण एवं जल संरक्षण से जुड़े कार्य प्राथमिकता के साथ कराए जा रहे हैं। बड़ी संख्या में मजदूर प्रतिदिन कार्यस्थलों में पहुंचकर कार्य कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार मिल रहा है। मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता एवं सुचारू संचालन के लिए सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों द्वारा प्रतिदिन कार्यस्थलों का निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है। जनप्रतिनिधियों द्वारा मजदूरों की उपस्थिति, कार्य प्रगति एवं आवश्यक सुविधाओं पर लगातार ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान परतेवा के सरपंच षट्कोण साहू, श्यामनगर के सरपंच सुलोचना निर्मलकर एवं सुरसाबांधा के सरपंच घनश्याम साहू ने कहा कि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना से ग्रामीण परिवारों को आर्थिक संबल मिल रहा है। गांवों में विकास कार्यों के साथ रोजगार सृजन होने से लोगों के जीवन स्तर में सुधार आ रहा है। ग्रामीणों ने भी शासन-प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मनरेगा योजना गांवों में खुशहाली लाने का माध्यम बन रही है तथा जरूरतमंद परिवारों को समय पर रोजगार उपलब्ध हो रहा है।





#### सुरसाबांधा के छोटे मुरूम तालाब में बढ़ा रोजगार

ग्राम पंचायत सुरसाबांधा स्थित छोटे मुरूम तालाब में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत विकास कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य के माध्यम से ग्रामीण मजदूरों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध हो रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सहयोग मिल रहा है। कार्य स्थल पर सरपंच घनश्याम साहू, उपसरपंच सीतेश्वरी वर्मा, पंच सूर्यकांत वर्मा, हेमंत साहू एवं चंद्रहास साहू द्वारा समय-समय पर निरीक्षण कर कार्य की जानकारी ली जा रही है। तालाब निर्माण एवं मरम्मत कार्य से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा आने वाले समय में किसानों एवं ग्रामीणों को इसका लाभ प्राप्त होगा। मनरेगा योजना केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण करना है। योजना के माध्यम से तालाब, सड़क, नाली एवं अन्य जनहित कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे गांवों के विकास को नई गति मिल रही है। ग्रामीणों ने शासन की इस योजना की सराहना करते हुए इसे गांव और मजदूर हित में महत्वपूर्ण बताया है।

